दैनिक
न्याय साक्षी



# महत्वपूर्ण एवं खास

## एकलव्य चयन प्रवेश परीक्षा की अंतिम चयन सूची जारी

**रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटे मुड़पार खरसिया, बायसी धरमजयगढ़ एवं छर्राटांगर घरघोड़ा हेतु सत्र 2021-22 कक्षा 6 वीं एकलव्य चयन प्रवेश परीक्षा की अंतिम सूची जारी की जा चुकी है। उक्त सूची सहायक आयुक्त कार्यालय, संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं विद्यालयों में देखी जा सकती है। विद्यालय में प्रवेश हेतु चयनित परीक्षार्थियों को जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं कक्षा 5 वीं की अंकसूची तथा दो फोटो सहित 5 अगस्त 2021 तक विद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी।

## ट्रेन के माध्यम से आने वाले यात्रियों की कोविड टेस्ट के लिये लगी ड्यूटी

**रायगढ़।** कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव/रोकथाम एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रवासी श्रमिकों, व्यक्तियों व यात्रियों के ट्रेन के माध्यम से रायगढ़ जिले में आगमन के दौरान अपने निगरानी में कोविड टेस्ट, थर्मल स्केनिंग एवं सूची तैयार करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गई है जिसमें भुजरंग साय उप अभियंता लोनिवि राष्ट्रीय राजमार्ग उप संभाग रायगढ़ के स्थान पर सूर्यकांत गुप्ता उप अभियंता हाऊसिंग बोर्ड रायगढ़ की ड्यूटी प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक अस्थायी तौर पर आगामी आदेश पर्यन्त लगायी जाती है।

## 15 अगस्त तक नये ऑक्सीजन प्लांट लगाने का कार्य किया जाएगा पूरा

**रायगढ़।** मेडिकल कालेज अस्पताल तथा अन्य अस्पतालों में लगाए जा रहे ऑक्सीजन प्लांट के संबंध में खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई थी। इस संबंध में वर्तमान में स्थापित किए जा रहे नवीन पी.एस.ए.प्लांट के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुये बताया कि प्लांट के सिविल वर्क का कार्य तेजी से लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। जो कि अगले चार-पांच दिवस के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। जिसके पश्चात केन्द्र स्तर से प्राप्त होने वाले पी.एस.ए.प्लांट का इंस्टालेशन कार्य प्रारंभ कर 15 अगस्त के पूर्व सारा कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी प्रकार मेडिकल कालेज के डीन द्वारा बताया गया कि चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ में स्थापित पी.एस.ए.ऑक्सीजन प्लांट 6 माह पूर्व से ही संचालित है। विगत 10 दिवस पूर्व वोल्टेज कम ज्यादा होने से पी.एस.ए.प्लांट का इलेक्ट्रीकल पैनल खराब हो गया है। उक्त इलेक्ट्रीकल पैनल की खरीदी की कार्यवाही हेतु मेडिकल कालेज के अधीक्षक द्वारा राज्य स्तर पर पत्र प्रेषित किया गया है। स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात दो दिवस के भीतर पी.एस.ए.प्लांट का इलेक्ट्रीकल पैनल सही कर प्रारंभ कर दिया जाएगा।

# हाईकोर्ट में बाबू की नौकरी लगाने के नाम पर दो युवकों से ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

### ठगी में शामिल लोकल नेटवर्क व बिलासपुर कनेक्शन का किया गया भाडाफोड़



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन पर नगर कोतवाल मनीष नागर की टीम द्वारा नौकरी लगाने के नाम ठगी करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण शहर के दो युवकों को ढाई-ढाई लाख रूपये में हाईकोर्ट में बाबू की नौकरी लगाने का झांसा देकर 50-50 हजार रूपये प्राप्त कर चुके थे। गिरफ्तार आरोपी में एक आरोपी को चक्रधरनगर तथा दूसरे आरोपी को बिलासपुर से शेष रकम रुपए लेने रायगढ़ आने बुलाया गया जिसकी गिरफ्तारी चक्रधरनगर क्षेत्र से की गई है। कोतवाली पुलिस आरोपीगण और कितने युवकों के साथ ठगी किये हैं तथा इनके नेटवर्क में कौन-कौन शामिल हैं, इस ओर विवेचना की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता दीपक देवांगन पिता राजेश देवांगन उम्र 23 साल निवासी बावलीकुंआ कोतरारोड़ थाना कोतवाली रायगढ़ दिनांक 29/07/2021 को थाना सिटी कोतवाली आकर थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर से मिलकर उन्हें ठगी की जानकारी देते हुये बताया कि एम.काम की पढाई कर आर.एस.ट्रेडिंग कंपनी में पार्ट टाइम जॉब करता था। वहां रितेश सिदार पिता शिवचरण सिदार उम्र लगभग 40 वर्ष बंगलापारा चक्रधरनगर भी काम करता था जो इसे हाईकोर्ट में बाबू की नौकरी लगा दूंगा, जिसके लिए 2,50,000 रूपये लगेगा बोला था। उसी बात को यह अपने दोस्त राजेन्द्र रजक को दिनांक 04.09.2020 को बताया। दोनों रितेश सिदार को मोबाईल पर सम्पर्क कर कसेरपारा में मिले। रितेश इन्हें ऑफ लाईन विकेंसी है कहकर व्हाटसअप में बताया जिसमें पद असिस्टेंट टाईपिस्ट पद का उल्लेख था। इन्हें भरोसा दिलाने के लिये आरोपी पीडीएफ भी दिखाया जिसमें हाईकोर्ट की विकैंसी का उल्लेख था। दोनों मिलकर सितम्बर 2020 को 50-50 हजार रूपये रितेश को नौकरी लगाने के नाम पर दे दिये। उसके बाद से रितेश शेष रकम 2 लाख रूपये बचा है कहकर लगातार रूपये मांग करता रहा। कुछ दिन बाद इन्हें पता चला कि हाईकोर्ट में टाईपिस्ट पदो की भर्ती हो चुकी है। तब इन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ और ये रितेश से रूपये वापस मांगने लगे। तब रितेश इन्हें तुम लोगों का पैसा मैं वकील अमित श्रीवास्तव को नौकरी लगाने के लिये दे रखा हूँ वो पैसा वापस देगा तब तुम लोगों को वापस दूंगा, रितेश को तुमको रूपये दिये हैं, लौटाओ कहने पर गाली गलौच कर शिकायत करने पर नुकसान करने की धमकी दे रहा है, बताया। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा आरोपी 1-रितेश सिदार 2-अमित श्रीवास्तव के विरूद्ध अप.क्र. 1066/2021 धारा 294, 506, 420,34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर तत्काल आरोपी रितेश सिदार पिता शिवचरण सिदार उम्र लगभग 40 वर्ष बंगलापारा चक्रधरनगर को गिरफ्तार किया गया, जिससे पूछताछ बाद अपराध में अमित श्रीवास्तव की संलिप्तता पाये जाने पर कोतवाली थाने से एक टीम आरोपी पतासाजी/गिरफ्तारी के लिए बिलासपुर रवाना किया गया। उसके बाद थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा प्रार्थी के माध्यम से अमित श्रीवास्तव को शेष रकम लेने रायगढ़ लेने आना कहकर झांसा देकर रायगढ़ बुलाया गया जिसकी गिरफ्तारी चक्रधर नगर थाना क्षेत्र से की गई है।

एसपी अभिषेक मीणा द्वारा आरोपीगण और कितने भोले-भाले नवयुवकों को ठगी का शिकार बनाया गया है तथा इनका नेटवर्क और किन-किन जिलों में जुड़ा है। इस ओर बारीकी से विवेचना करने कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया गया है। विदित हो कि हाल ही में कोतवाली पुलिस द्वारा व्लर्ड टूर हॉली-डे पैकेज के नाम पर ठगी करने वाले ड्रीम ताज हॉलिडे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के चार शातिर ठगबाजों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले दोनों आरोपियों को आज दोपहर रिमांड पर भेजा गया है। अपराध विवेचना, आरोपी पतासाजी/गिरफ्तारी में थाना प्रभारी मनीष नागर, उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया एवं हमराह स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मोटरसायकल पर 4 किलो गांजा परिवहन करते युवक गिरफ्तार, बाइक जब्त



**रायगढ़।** दिनांक 29/07/2021 को प्रतिदिन की भांति थाना बरमकेला स्टाफ की एक टीम द्वारा थाना प्रभारी बरमकेला निरीक्षक नेलसन कुजुर के हमराह झनकपुर चौक बरमकेला के पास वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था। इसी दरम्यान नावापारा उडीसा तरफ से एक काला नीला रंग के बिना नंबर ष्ट्झ-100 मोटर सायकल में आ रहे युवक को रोककर उसका नाम, पता पुछा गया जो अपना नाम सचिन कुमार सूर्यवंशी पिता रामनाथ सूर्यवंशी उम्र 19 वर्ष सा. खोखरा थाना जांजगीर जिला जांजगीर चांपा का रहने वाला बताया। युवक को चेकिंग की कार्रवाई बताते हुए उसके मोटर सायकल को बारीकी से जांच करने पर सीट के अंदर एक काला रंग का कपडा का थैला रखा हुआ था जिसके अंदर 04 पैकेट गांजा मिला जिसे युवक नावापारा उडीसा तरफ से बरमकेला होते हुए जांजगीर ले जाना बताया। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को कार्रवाई की जानकारी देने हुये आरोपी से 04 किलो गांजा कीमती 20,000 रुपए तथा बिना नम्बर मोटर सायकल की जप्ती की गई है। आरोपी पर थाना बरमकेला में 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

# 160 चारागाह के 268 एकड़ क्षेत्र में लगाया गया है हरा चारा

### » चारागाह का रकबा बढ़ाने तेजी से किया जा रहा प्लांटेशन

### » कलेक्टर भीम सिंह ने बैठक लेकर दिए निर्देश

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह द्वारा गत दिवस गौठानों में चारागाह विकास के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। कलेक्टर सिंह ने शासन की मंशानुरूप गौठानों में चारा विकास को बढ़ावा देने हेतु विकासखण्डवार गौठानों में चारागाह विकास की प्रगति एवं विकासखण्डवार स्वीकृत चारागाह के विरूद्ध कितने चारागाहों में कितने रकबे में हरा चारा बोया गया है के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने समस्त विभागों को आपसी समन्वय बनाकर चारागाहों में चारा रोपण का कार्य कराने हेतु निर्देशित किया।

कलेक्टर सिंह ने जिले में हाइब्रिड नेपियर घास को बढ़ावा देने हेतु उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें रायगढ़ को हाईब्रिड नेपियर रूट कट चंदखुरी फार्म जिला-दुर्ग से मंगाकर समस्त विकास खण्डों में वितरित करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सीईओ जनपद पंचायतों को स्वीकृत चारागाहों में कम से कम एक-एक एकड़ में हाईब्रिड नेपियर घास लगाने एवं चारागाहों में पानी फेंसिंग की व्यवस्था तथा गेट लगाने हेतु निर्देशित किया।

उप संचालक पशु पालन विभाग ने बताया कि पिछले वर्ष 22 गौठानों में रोपित हाइब्रिड नेपियर से हरा चारा उत्पादन हो रहा है। माह अप्रैल 2021 से अभी तक कुल 64 क्विंटल नेपियर हरा चारा का उत्पादन किया जा चुका है। इस वर्ष जिले के 160 चारागाहों में 220 एकड़ में 9200 कि.ग्रा.मक्का, 107 चारागाहों के 27 एकड़ में 18800 हाइब्रिड नेपियर रूट कट एवं 72 चारागाहों के 21 एकड़ में 400 कि.ग्रा.सोरघम लगाया गया है। इस क्रम में 90 हजार हाईब्रिड नेपियर रूट्स आज बरमकेला विकासखण्ड के चारागाहों के लिए मंगाए गए है। जिसका रोपण शीघ्र शुरू होने जा रहा है।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, उप संचालक कृषि, कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के कृषि वैज्ञानिक, उद्यान अधिकारी, समस्त जनपद पंचायतों के सीईओ, पशुधन विकास विभाग के समस्त विकासखण्ड नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी एवं मैदानी अमले सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे।

# टीकाकरण अभियान में 16 हजार 699 लोगों को लगे टीके

### » पूर्ण टीकाकृत जिले की ओर बढ़ता रायगढ़



**रायगढ़ ।** कोविड टीका लगाने से शेष बचे लोगों के लिए शुक्रवार को टीकाकरण अभियान चलाया गया। जिसमें प्रशासन और स्वास्थ्य की संयुक्त टीम ने लोगों के घर-घर पहुंची। टीका नहीं लगवाए लोगों की पहचान कर उन्हें समझाईश दी और टीका लगवाया गया। अभियान में शाम 7 बजे तक जिले में 16 हजार 699 लोगों को टीके लगाए गए।

जिले को कोरोना मुक्त करने के उद्देश्य से शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को लेकर कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व में लगातार कार्य किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जिले के कम टीकाकरण वाले इलाकों में अभियान चलाया गया। इस दौरान टीके को लेकर लोगों की हिचक दूर कर उन्हें टीके के फायदे बताए गए। परिणाम स्वरूप काफी संख्या में ऐसे लोग जिन्होंने परिवार सहित टीके नहीं लगवाए थे वे टीकाकरण के लिए राजी होकर टीका लगवाया। इस अभियान में प्रशासन की ओर से जिला अधिकारियों की ड्यूटी ऐसे क्षेत्रों में विशेष रूप से लगाई गई थी, उनके साथ विभिन्न विभागों के मैदानी अमले को भी टीम में शामिल किया गया था। टीम ने घर-घर दस्तक देकर सुनिश्चित किया कि हर घर में सभी पात्र लोगों को टीका लगे। इस दौरान बड़ी संख्या में गर्भवती व शिशुवती महिलाओं को भी टीके लगाए गए। इस बीच लोगों ने टीकाकरण केन्द्रों में भी पहुंचकर टीके लगवाए।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल ने बताया कि जिले में अब तक साढ़े 9 लाख से अधिक लोगों को टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। किन्तु अभी भी कुछ लोगों ने टीका नहीं लगवाया है। जिन्हें बार-बार समझाईश दी जा रही है। यह सघन अभियान उन तक पहुंचने और टीका लगवाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी जिले में लोग पहली डोज लगवायेंगे उतनी ही जल्दी दूसरे डोज का नंबर आएगा और कोविड की तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है उससे लोगों को सुरक्षा मिलेगी।

# दिव्यांगजनों हेतु स्वावलंबन मास का आयोजन 1 से 31 अगस्त तक

### » बनाये जायेंगे विशिष्ट पहचान पत्र

**रायगढ़ ।** जिले में दिव्यांगजनों का शत-प्रतिशत प्रमाणीकरण के लिये यूडीआईडी कार्ड जारी करने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 01 से 31 अगस्त 2021 तक स्वावलंबन मास का आयोजन शासन द्वारा नियत की गई है। इसके अंतर्गत जिले के प्रत्येक जनपद पंचायतों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवासरत चिन्हांकित दिव्यांगजनों तक पहुंच हेतु स्वावलंबन रथ (मोबाइल यूनिट)का संचालन किया जाना है। स्वावलंबन रथ, प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों में दिव्यांगजनों के निवास स्थल, उपयुक्त स्थल तक जाकर यूडीआईडी एवं दिव्यांगता प्रमाण बनाने के लिए ऑनलाईन व ऑफलाईन पंजीयन संबंधी कार्य करेगा।

स्वावलंबन रथ के साथ एक कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं सहायक रहेंगे जो विकासखण्ड स्तर पर चिन्हित किए गए रोड मैप के अनुसार भ्रमण करेंगे। जिसके लिए जिले के अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्य सौंपा गया है। स्वावलंबन मास के प्रथम दिवस 01 अगस्त 2021 को कलेक्टोरेट परिसर रायगढ़ में जिले के सभी 9 विकासखण्ड एवं नगरीय निकायों के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में भ्रमण हेतु स्वावलंबन रथ की रवानगी की जाएगी।

# चोरी की मोबाइल बेचने की फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार

### » एक माह पहले रूपेन्द्र पटेल हास्पिटल से युवक ने चोरी की थी मोबाइल



**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को आज दिनांक 30/07/2021 को सूचना मिला कि एक युवक केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड पर ओप्पो मोबाइल सेट बेचने के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी थाने से प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, आरक्षक हेम प्रकाश सोन, उत्तम सारथी को बस स्टैंड रवाना कर तस्दीक करने का निर्देश दिया गया। कोतवाली स्टाफ बस स्टैंड जाकर युवक को मोबाइल के संबंध में पूछताछ की तो युवक करीब एक माह पहले रूपेन्द्र पटेल हास्पिटल में एक मरीज के टेबल पास रखे हुये नकदी 12,000 रूपये व मोबाइल को चोरी करना बताया। आरोपी युवक अपना नाम स्वपनिल सैनी पिता दीपक सैनी उम्र 21 साल निवासी पुराना पुलिस लाइन के पीछे रायगढ़ का होना तथा चोरी के रकम को खर्च हो जाना बताया। आरोपी युवक को थाना लाया गया, थाना कोतवाली में राजेन्द्र पटेल पिता स्व कार्तिक राम पटेल उम्र 42 साल साकिन ग्राम पचेडा थाना कोतरारोड़ द्वारा दिनांक 26.06.2021 को रूपेन्द्र पटेल हॉस्पिटल से मोबाइल व नकदी रकम के चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया था, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली में अप.क्र. 838/2021 धारा 457,380 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी स्वपनिल सैनी को उक्त चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

# गोड़म की सुरभि महिला समूह का बढ़ा कारोबार, लगाई 23 लाख की प्रिंटिंग मशीन

### » कलेक्टर भीम सिंह ने लिया जायजा

### » जिले में कम्पोस्ट पैकेजिंग के लिये बोरियों की करेंगी आपूर्ति



**रायगढ़ ।** सारंगढ़ की सुरभि महिला स्व-सहायता समूह ने प्रिंटिंग प्रेस का काम कर अपनी अलग पहचान बनायी है। अब उनके काम का दायरा बढ़ने जा रहा है। कलेक्टर भीम सिंह की पहल और प्रोत्साहन से समूह ने प्रिंटिंग के लिए 22 लाख की मशीन खरीदी है। यह काफी एडवांस मशीन है। इस मशीन से समूह की महिलाएं अब चाकलेट के रैपर से कंपोस्ट के लिए बोरियां तक तैयार करेंगी। कलेक्टर भीम सिंह ने गोडम पहुंचकर मशीन इंस्टालेशन का जायजा लिया और मशीन की औपचारिक शुरूआत की। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी साथ रहे।

समूह ने उनके तैयार प्रिंटिंग मटेरियल अन्य उत्पादों के बारे में बताया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने कहा कि विभिन्न ब्लाकों के गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट पैकेजिंग के लिए बोरियों की आवश्यकता होगी। जिसकी पूर्ति महिला समूह द्वारा किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने 15 लाख का कार्य समूह को प्रदान किया। कलेक्टर सिंह ने गोडम की महिला समूह से चर्चा कर उनके द्वारा की जा रही अन्य गतिविधियों की भी जानकारी ली। समूह ने बताया कि वे सेनेटरी पैड का निर्माण भी कर रही है। उन्होंने बताया कि मैनुअल तरीके से पैड बनाया जा रहा है। महिलाओं ने कलेक्टर सिंह को ऑटोमेटिक यूनिट प्रदाय करवाने का आग्रह किया। कलेक्टर सिंह शीघ्र यूनिट उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। समूह द्वारा महिलाओं की बैठक व्यवस्था की समस्या से अवगत कराने पर सिंह ने संकुल संगठन भवन बनाने के निर्देश दिए। महिला स्व-सहायता समूह के सारिका, रिसिका का कहना है कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं द्वारा अब तक 5 लाख रुपये से अधिक आय अर्जित किया जा चुका है। इन पैसे से वह घर चलाने से लेकर बच्चों की पढ़ाई एवं शादी में सहायक हुई। घर में अपनी सहभागिता से महिलाएं खुश है एवं प्रिंटिंग प्रेस से अब और अधिक आय की प्राप्ति को लेकर महिलाएं उत्साहित है। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ नंदकुमार चौबे, सीईओ जनपद पंचायत अभिषेक बनर्जी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480